सं0-2/2266(2)/60-2-14-2/13(15)/04

प्रेषक,

प्रमुख सचिव,
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

सेवा में,

सचिव,
बेसिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनॉक 29 सितम्बर, 2014

विषय- प्राथमिक विद्यालयों के किचेन का संयुक्त रूप से उपयोग करने के सम्बन्ध में ।

महोदय ,

अवगत कराना है कि विभाग के 122932 आंगनबाडी केन्द्र प्राथमिक विद्यालयों में संचालित है। आंगनबाडी केन्द्र पर 03 वर्ष से 06 वर्ष तक बच्चें शालापूर्व शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा इन बच्चों को हाट-कुक्ड बनाकर खाने हेतु दिया जाता है। यह संज्ञान में आया है कि विद्यालय में संचालित आंगनबाडी केन्द्रों हेतु सुरक्षित स्थान की अनुपलब्धता के कारण हाट-कुक्ड भी उसी कक्ष में बनाया जाता है जिस कक्षा में बच्चें शालापूर्व शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पडता है तथा उसी कक्ष में हाट-कुक्ड बनाना सुरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं है।

2. अतः आपसे अनुरोध है कि प्राथमिक विद्यालय के किचेन में जहा मिड-डे मील बनता है, उसी किचेन में ही आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों हेतु बनाये जाने वाले हाट-कुक्ड को भी बनाने के लिए दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को निर्गत करने का कष्ट करें, ताकि आंगनबाडी केन्द्र पर आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

भवदीय

(सदाकान्त)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in